तापमान

अधिकतम 43 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

11 पौधरोपण के साथ नियमित देखभाल करने का लिया संकल्प

12 खिलाड़ियों को एक और मल्टीपरपज हॉल की...

खबर संक्षेप

नए ट्रक को काटकर बेच देते थे पुर्जे, चार गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की टीम ने नए ट्रक को अवैध रूप से काटकर उसके पुर्जे बेचने तथा बीमा कंपनी से धोखाधड़ी करने की साजिश रचने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बलराम, रामकृपाल, सारद और जमिल के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सबोली स्थित एक कबाड़ गोदाम में नया ट्रक काटा जा रहा है। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में चारों आरोपित गैस कटर व अन्य औजारों की मदद से ट्रक को काटते हुए मिले। पुलिस द्वारा ट्रक से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर वे कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में सामने आया कि ट्रक को काटकर उसके पुर्जे बेचने और बाद में बीमा कंपनी से क्लेम लेने की साजिश रची गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने मुख्य आरोपित बलराम को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया, जबकि अन्य तीन आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बच्ची व किशोरी का शोषण, केस दर्ज

सोनीपत। जिले के मुरथल और कुंडली थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची एवं किशोरी के साथ यौन शोषण के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। मुरथल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायत दी है कि उनकी सात वर्षीय बेटी के साथ 14 वर्षीय किशोर ने गलत हरकत की। आरोप है कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकीय जांच में यौन शोषण की पुष्टि होने पर पुलिस को सूचना दी गई। वहीं कुंडली थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की चाची ने शिकायत में आरोप लगाया कि एक शादीशुदा युवक ने किशोरी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

गोहाना। थाना सदर गोहाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में गांव दोदवा निवासी सन्नी पुत्र कंवल सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी रिवाल्वर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मुख्य सिपाही गुलाब अपनी टीम के साथ गोहाना-सोनीपत बाइपास पर गांव बिधल के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सन्नी को काबू किया गया।

निगम की पहली बैठक में अधिकारी कठघरे में, मेयर ने एएमसी को लताड़ा, सफाई व्यवस्था पर विधायक सख्त

हाउस की मीटिंग में 375 प्रस्तावों पर चर्चा, अधिकांश को मंजूरी

सफाई व्यवस्था और कूड़ा उठान में लापरवाही पर किए सवाल-जवाब

मेयर ने इंजीनियरिंग व सफाई शाखा की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

बैठक में पेयजल, बिजली, जलभराव व अधूरे विकास कार्यों का मुद्दा छाया रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम चुनाव के बाद शुक्रवार को शहर की नई सरकार की पहली हाउस बैठक सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक भवन में हुई। पहली ही बैठक में तीन पुराने व 19 नए पार्षदों ने विकास कार्यों, सफाई, सीवरेज, पेयजल, सीसीटीवी, पार्कों, बेसहारा पशुओं और बंदरों की समस्या को लेकर निगम प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया। भाजपा के 17 और कांग्रेस के पांच पार्षदों ने शहर की अनदेखी का आरोप लगाया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मेयर राजीव जैन ने कई मुद्दों पर अधिकारियों को लताड़ लगाई, जबकि सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक निखिल मदान ने भी अधिकारियों को फटकार लगाई। बैठक में विकास कार्यों, जनसमस्याओं के समाधान और शहर को स्वच्छ बनाने से जुड़े करीब 375 मुद्दे पटल पर रखे गए। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि बिजली और शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों को संबंधित विभागों के पास भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, सह आयुक्त मीतू धनखड़, सहायक आयुक्त विजय यादव सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विशेष बात यह रही कि पार्षदों के पति, ससुर या अन्य प्रतिनिधियों को बैठक में प्रवेश नहीं दिया गया। पार्षदों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष अघोषित कटौती पर शिकायत की।

- पार्षदों ने विकास कार्यों में देरी और बढ़ी हुई टेंडर राशि पर भी जताई नाराजगी

सोनीपत। हाउस की बैठक में अधिकारियों को फटकार लगाते मेयर राजीव जैन व विधायक निखिल मदान।

सोनीपत। नगर निगम हाउस की बैठक में हिस्सा लेते पार्षद व अधिकारी।

लहराड़ा व फाजिलपुर में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तार हटाने की मांग

लहराड़ा और फाजिलपुर क्षेत्र के पार्षदों ने घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को हटाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इन लाइनों के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इस पर बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता रणबीर देशवाल ने कहा कि लाइनें पहले डाली गई थीं और बाद में घर बने हैं। लाइन हटवाने के लिए नियमानुसार शुल्क जमा कराना होगा।पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नियमित रूप से नहीं पहुंच रहीं, जिससे लोग सड़कों के किनारे कचरा डालने को मजबूर हैं। इस पर विधायक निखिल मदान ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कूड़ा संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई, स्ट्रीट लाइट, दूषित पेयजल और सीवर ओवरफ्लो की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।पार्षद संजय ठेकेदार ने बाबा कॉलोनी और नरेंद्र नगर में कूड़ा उठान, जलभराव और सीवरेज की समस्या उठाई। वहीं वार्ड-12 के पार्षद ने टेंडर जारी होने के बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं होने पर सवाल खड़े किए। इस पर मेयर और विधायक ने अधिकारियों से रिपोर्ट और वीडियोग्राफी प्रस्तुत करने को कहा। पार्षद अनुराग जैन ने मिशन चौक से मिर्च मंडी तक स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की। पार्षद त्रिभुवन ने इंजीनियरिंग शाखा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई विकास कार्यों का शिलान्यास होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने एक परियोजना की लागत 17 लाख रुपये से बढ़कर 1.10 करोड़ रुपये होने का मामला भी उठाया।

बिना रजिस्ट्रेशन नहीं लगने दी जाएंगी रेहड़ी-फड़ी : जैन

मेयर राजीव जैन ने कहा कि बिना पंजीकरण रेहड़ी-फड़ी लगाकर अतिक्रमण करने वालों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। पात्र लोगों का पंजीकरण कर उन्हें निर्धारित स्थान आवंटित किए जाएंगे। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारी शहर के बाजारों व अन्य स्थानों का निरीक्षण कर कार्रवाई करेंगे

कूड़ा उठाने का शुल्क प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़ने का प्रस्ताव पारित

बैठक में कूड़े के डंपिंग पॉइंट कम करने, वार्ड कमेटियों के गठन, सीसीटीवी युक्त मोबाइल वैन चलाने, कूड़ा फैलाने वालों की सूचना देने वालों को प्रोत्साहन राशि देने तथा घर-घर से कूड़ा उठाने का शुल्क प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़ने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा सब्जी मंडी से श्रीराम चौक और गांधी चौक से बस अड्डा तक सड़क मरम्मत, ओपन नालों में पाइप डालने तथा सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कर उनकी चहारदीवारी कराने के प्रस्ताव भी मंजूर किए गए। बैठक में अधिकारी मौजूद रहे।

राई, लिवान और जाट जोशी में विकास कार्यों में तेजी की मांग

पार्षद रीना सैनी ने जलभराव और सफाई, पार्षद कुणाल कौशिक ने राई, लिवान और जाट जोशी क्षेत्र की समस्याओं के साथ लंबित परियोजनाओं को गति देने की मांग रखी। उन्होंने बहालगढ़ रोड से दीवान फार्म तक नालों के निर्माण की मांग भी की। मेयर ने बताया कि यह परियोजना एसएमडीए के अधीन है और इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। पार्षद संगीता ने पेयजल और सीवरेज, साधना तनेजा ने पार्कों की सफाई और मीट मार्केट, संजीव वलेचा ने इंदिरा कॉलोनी में स्पीड ब्रेकर व पुलिस गश्त तथा दीपमाला बड़वासनिया ने सीवर सफाई, पेयजल और सड़क विकास से जुड़े मुद्दे उठाए।

हलालपुर दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को सजा

महिला पहलवान और उसके भाई के हत्यारों को उम्रकैद

■ राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी थी निशा, अकादमी परिसर में उसे मार दी थी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव हलालपुर स्थित कुश्ती अकादमी में महिला पहलवान और उसके भाई की हत्या तथा उनकी मां पर जानलेवा हमले के बहुचर्चित मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने कोच समेत चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

2021 का मामला

अदालत ने मुख्य आरोपी पवन को शेष जीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि उसकी पत्नी सुजाता और रिश्तेदार अमित व सचिन को उम्रकैद का दंड दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार 10 नवंबर 2021 को गांव हलालपुर निवासी राष्ट्रीय स्तर की पहलवान निशा अपनी नियमित ट्रेनिंग के लिए कुश्ती अकादमी गई थी।

■ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत का फैसला, दोषी पवन को शेष जीवन जेल में रहने की सजा

दोपहर में उसे लेने पहुंचे उसके भाई सूरज और मां धनपति पर आरोपियों ने हमला कर दिया।

जांच में सामने आया कि निशा की अकादमी परिसर में गोली मारकर हत्या की गई, जबकि जान बचाकर भाग रहे सूरज का पीछा कर नहर के पास गोली मार दी गई। हमले में धनपति भी घायल हो गई थीं। मामले की जांच के दौरान अकादमी संचालक पवन, उसकी पत्नी सुजाता तथा अमित और सचिन को आरोपी बनाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया था कि पवन द्वारा निशा के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का विरोध करने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया।

सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने पवन को हत्या, हत्या के प्रयास, आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी मानते हुए 82 हजार रुपये जुर्माने सहित शेष जीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं सुजाता पर 75 हजार रुपये तथा अमित और सचिन पर 80-80 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

एटीएम में कार्ड बदलकर 25 हजार रुपये उड़ाए

सोनीपत। आईटीआई चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ में एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर उसके खाते से 25 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी यमुना प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 1 जून की रात को पीएनबी के एटीएम बूथ पर अपने एसबीआई डेबिट कार्ड से नकदी निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात युवक ने उनसे बातचीत शुरू की और मशीन में नकदी न होने की बात कहकर मदद का झांसा दिया। आरोप है कि युवक ने चालाकी से उनका डेबिट कार्ड बदलकर दूसरा कार्ड थमा दिया। पीड़ित को कार्ड बदले जाने की जानकारी नहीं हो सकी। इसके बाद आरोपी ने लहराड़ा गांव स्थित एक एटीएम बूथ से यमुना प्रसाद के खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर निकासी का संदेश आने और बैंक से स्टेटमेंट निकलवाने पर ठगी का खुलासा हुआ। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस आसपास के एटीएम बूथों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप समेत तस्कर गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने प्रतिबंधित सिरप दवा की तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 शीशियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक विहार, महलाना रोड निवासी दिनेश के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दिनेश प्रतिबंधित सिरप दवा की बिक्री करता है और डीसी जैन स्कूल के सामने बैग में दवा भरकर किसी को सप्लाई देने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर क्राइम यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी वहां से निकलने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के बैग से प्रतिबंधित सिरप दवा की 80 शीशियां बरामद हुईं। बरामदगी के आधार पर शहर थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड के दौरान सिरप दवा की सप्लाई और नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी।

■ बैग में भरकर ले जा रहा था 80 शीशियां, अदालत ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरियाली पर ग्रहण डीसीआरयूएसटी में राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गाए पौधे ही सूखे

59 मालियों की देखरेख में मुरझा गए 'असीम' व 'नायब' पौधे

रविंद्र ठाकुर ⏭ सोनीपत

विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में करीब दो माह पहले प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लगाए गए पौधे देखरेख के अभाव में सूख चुके हैं।

हरिभूमि सरोकार

उपेक्षा की भेंट चढ़ चुके पौधे

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस परिसर में अमरूद का पौधा लगाया था, जबकि मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन के निकट जामुन का पौधा रोपा था। दोनों अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया था, लेकिन अब ये पौधे उपेक्षा की भेंट चढ़ चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि विश्वविद्यालय में 59 माली कार्यरत हैं। इसके बावजूद पौधों की समुचित देखभाल नहीं हो सकी। इतना ही नहीं, 26 मई को कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने मालियों के सुपरवाइजर को इन पौधों की विशेष देखभाल और राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम की नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक उनका पालन नहीं हुआ। जिले में वन विभाग और प्रशासन की ओर से विभिन्न योजनाओं के तहत पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में 15 नर्सरियों के माध्यम से 22 लाख से अधिक पौधे लगाने का दावा किया गया है। हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर पौधरोपण अभियान चलाए जाते हैं और विभिन्न विभागों को लक्ष्य भी सौंपे जाते हैं। इसके बावजूद पौधों की निगरानी और संरक्षण व्यवस्था कमजोर नजर आती है।

राज्यपाल द्वारा गेस्ट हाउस परिसर में लगाया गया अमरूद का पौधा

मुख्यमंत्री सैनी ने प्रशासनिक भवन के निकट जामुन का पौधा रोपा था

अधिकारियों के अनुसार लगाए गए पौधों का सक्सेस रेट 80 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन जमीनी स्तर पर बड़ी संख्या में पौधे नष्ट हो जाते हैं। कई स्थानों पर पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल नहीं होती, जबकि आग, बेसहारा पशु और ट्री-गार्ड की कमी भी पौधों के नष्ट होने का प्रमुख कारण बनती है।

लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करेंगे

डीसीआरयूएसटी में हरियाली बढ़ाने और पौधों की नियमित देखभाल के निर्देश दिए गए हैं। मालियों की भी कोई कमी नहीं है। सुपरवाइजर को राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल तथा नेम प्लेट लगाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलपति, डीसीआरयूएसटी, सोनीपत

वन विभाग का 2021 से 2025 तक इतने पौधे लगाने का दावा

आंकड़ों के अनुसार जिले में वर्ष 2021 में 1.98 लाख, वर्ष 2022 में 3.52 लाख, वर्ष 2023 में 5.11 लाख, वर्ष 2024 में 5.23 लाख तथा वर्ष 2025 में 6.18 लाख पौधे लगाने का दावा किया गया है। जिले में सड़क, नहर, ड्रेन, रेल लाइन और बांध किनारे कुल 7,386.06 हेक्टेयर क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

उलानबातर में चमके सुनील, 87 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

फाइनल में किर्गिस्तान के आजात सालिदिनोव को 4-3 से हराया

एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं अंतरराष्ट्रीय पहलवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गांव डबरपुर के अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुनील कुमार ने मंगोलिया में आयोजित उलानबातर ओपन 2026 सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सिरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। ग्रीको रोमन शैली के 87 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में उन्होंने किर्गिस्तान के आजात सालिदिनोव को 4-3 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई कर चुके सुनील कुमार ने प्रतियोगिता में दमदार शुरुआत की। क्वार्टर फाइनल में उन्हें मेजबान मंगोलिया के टर्बोल्ड गनबोल्ड के खिलाफ वॉकओवर मिला। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने वेनेजुएला के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन लुइस एडुआर्डो एवेंडानो रोजास को 3-3 के स्कोर पर मानदंडों के आधार पर हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में सुनील ने शानदार तकनीक और संयम का प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के पहलवान को 4-3 से मात दी और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई

सुनील की इस उपलब्धि से गांव डबरपुर और गन्नौर क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिजनों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। उनकी माता अनीता देवी और भाई सुमित कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एशियन गेम्स में भी पदक जीतने की उम्मीद जताई।



सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

मुंबई। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style

तमन्ना

आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।



हॉलीवुड मसाला

आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाजः डेनिस लेरी), सिड (आवाजः जॉन लेगुइजामो), बक (आवाजः साइमन पेग) और एली (आवाजः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नजर आते हैं।

एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

नई दिल्ली। फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।

पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

नई दिल्ली। 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।

फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

मुंबई। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला

'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

नई दिल्ली। आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

नई दिल्ली। बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग

मुंबई। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और

वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का

मुंबई। रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की

शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज 'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

शैतान (2024): इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

द बाबाडूक (2014): यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।

सेंट मॉड (2020): अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

भूतकालम (2022): मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

तुम्बाड (2018): भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

बिहाइंड हर आइज (2021): अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

मिजरी (1990): मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

विश्व पर्यावरण दिवस: जिलेभर में विभिन्न संगठनों ने लगाए पौधे, गांववासियों को पर्यावरण के प्रति किया सजग

पौधरोपण के साथ नियमित देखभाल करने का लिया संकल्प

■ भटगांव में भारतीय भाषा कैंप और विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भटगांव में पौधरोपण करते प्रवक्ता साथ में प्राचार्या एवं अन्य।

भटगांव स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय भाषा कैंप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग 30 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसवां मील के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल मलिक द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्या मोनिका के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान जीव विज्ञान प्रवक्ता सुषमा एवं गृह विज्ञान की अध्यापिका रेनू ने छात्राओं को कैंप की महत्ता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सोनीपत। पौधारोपण अभियान के दौरान मौजूद ट्री मैन साथ में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

बढ़खालसा-नाहरी में लगाए पौधे

सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस पर गांव बढ़खालसा और नाहरी के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। नाहरी में दादा देव स्थल पर औषधीय गुणों वाले अर्जुन के पौधे लगाए गए, जबकि नवनिर्मित पार्क में बढ़, पीपल और नीम के पौधे रोपे गए। समिति प्रधान बीर सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के बीच वृक्षारोपण शुद्ध वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ठेकेदार कुलदीप दहिया ने बताया कि समिति सामाजिक और व्यक्तिगत कार्यक्रमों में भेंट स्वरूप पौधे देने का अभियान चला रही है। ट्री मैन देवेंद्र सुरा ने ग्रामीणों को हर वर्ष कम से कम पांच पेड़ लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महेंद्र, जयदेव, राकेश प्रधान, विकास, संजीव, दलबीर, धरमजीत, विनय, योगेश और प्रदीप सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में पौधारोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस

सोनीपत। मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक पवन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए वार्ड नंबर 2 के पार्षद मुकेश बामणिया ने सहभागिता दर्ज की। विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार दहिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के 28 पौधे लगाए। कार्यक्रम मिशन लाइफ थीम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने वन विभाग द्वारा न्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव में भी 45 पौधों का रोपण किया। वहां उपस्थित पुलिस आयुक्त ममता और जिला वन अधिकारी रेखा बाला ने स्वयंसेवकों को इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रताप स्कूल खरखौदा में किया पौधरोपण

खरखौदा। पौधरोपण करते हुए प्रधानाचार्या दया दहिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

खरखौदा। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारत तिब्बत सहयोग मंच, हरियाणा द्वारा प्रताप स्कूल, खरखौदा में 12 हरियाणा बटालियन के एनसीसी कैडेट्स के साथ संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण तथा प्लास्टिक मुक्त समाज के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या दया दहिया ने कहा कि हमें पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करना चाहिए। पॉलीथिन के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। यदि हम इसके उपयोग को सीमित करें तो प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भारत तिब्बत सहयोग मंच, हरियाणा प्रांत के महामंत्री सुशील शास्त्री ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

पूर्व फौजी और खाप प्रतिनिधियों ने लिया पौधे लगाने का संकल्प

सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण प्रहरी पूर्व फौजी एवं एसपीओ मुकेश मलिक, सब इंस्पेक्टर जगत सिंह तथा दिल्ली पालम 360 खाप के प्रधान सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने "सांस हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम" का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

सोनीपत। पौधरोपण करते गणमान्य जन। फोटो :हरिभूमि

सोनीप। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण करते हुए प्राचार्या एवं स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

टीकाराम कन्या कॉलेज में लगाए पौधे

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. उषा दहिया ने पौधरोपण कर की। इस अवसर पर डॉ. उषा दहिया ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ जीवन संभव है और यह दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने और दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संकल्प लिया। गीता, डॉ. हेमलता, डॉ. उपासना, डॉ. सुमन मान सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

वृक्षारोपण अभियान चलाया

सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत ने जिलेभर में विशाल वृक्षारोपण अभियान चलाया। अभियान का शुभारंभ पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिब्बल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। जिला न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रचेता सिंह, नेहा गोयल, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार तथा जिला वन अधिकारी रेनू बाला ने पौधारोपण किया। अभियान के तहत मशरूम पार्क, डीसीआरयूएसटी, सिटी फॉरेस्ट मुरथल, सीआईपीईटी संस्थान और जिला न्यायालय परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर 1800 से अधिक पौधे लगाए गए।

सोनीपत। पौधरोपण करते न्यायधीश साथ में अधिकारीगण।

सोनीपत। डीक्रस्ट में पौधारोपण करते हुए कुलपति साथ में अन्य।

डीसीआरयूएसटी में किया पौधरोपण

सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस पर दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह ने बरगद और नीम, जबकि कुलसचिव डॉ. अमित कुमार ने पीपल और आंवला के पौधे लगाए। विश्वविद्यालय परिसर में कुल 10 पौधों का रोपण किया गया। प्रो. प्रकाश सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और बढ़ते प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने युवाओं से पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रो. एसके सिंह, डॉ. सतपाल सिंह, डॉ. बिरेंद्र सिंह हुड्डा, डॉ. जगवेंद्र सिंह, सतीश वर्मा, आकाश, मनमोहन, नीरज, विनोद श्योकंद, मनीष, विकास कुमार, सतीश गुलिया, शौर्य और हर्षित मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सोनीपत। ब्राह्मण उत्थान समिति की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समिति के सक्रिय सदस्य एवं बड़ा बाजार स्थित श्री देवी चिट्टा वाली माता मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अमित शौनक ने अपने जन्मदिन पर अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण आज की मांग है। धीरे-धीरे विलुप्त होती हरियाली, खड़ी हो रही आसमान छूटी इमारतें हमारे जीवन को पिछाड़ रही हैं। इस दौरान ब्राह्मण उत्थान समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने अमित शौनक को जन्मदिन पर पौधा भेंट कर बधाई दी। सभी सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान अमन, प्रिंस, देवेंद्र गौड़, मुकेश शर्मा, पीयूष कौशिक मौजूद रहे।

सोनीपत। शहर के पार्क में पर्यावरण दिवस पर मिलकर पौधरोपण करते ब्राह्मण उत्थान समिति के सदस्य।

एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम बाजिदपुर सबोली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नव-निर्मित पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और गांव को अधिक हरा-भरा बनाना था। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए तथा उसकी टीम ने भी अभियान में भाग लिया। ग्रामीणों ने अपने माता-पिता और प्रियजनों के नाम पर पौधे लगाकर उन पर नाम-पट्टिकाएं भी लगाईं। सरपंच सुनील कटारिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर रोहतास गुलिया, प्रदीप मास्टर, शिल्पे मास्टर, छोटा, जसबीर, आकाश, संजय फौजी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

सोनीपत। बाजिदपुर सबोली में पौधरोपण करते सरपंच साथ में आईटीबीपी के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

गोहाना। पौधरोपण से प्रकृति संरक्षण का संदेश देते विद्यार्थी।

प्रकृति से जोड़ने की गतिविधियां करवाई

गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना द्वारा ग्रीष्मावकाश को विद्यार्थियों के लिए रोचक, ज्ञानवर्धक एवं संस्कारयुक्त बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियां करवाई जा रही हैं। मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, स्वदेशी जीवनशैली तथा प्रकृति से जोडना है। इसी क्रम में इस सप्ताह विद्यार्थियों को पौधारोपण, स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग तथा नियमित दुग्धपान जैसी प्रेरणादायी गतिविधियां दी हैं। विद्यार्थी घरों पर इन गतिविधियों पूर्ण करके वीडियो एवं चित्र विद्यालय समूह में साझा कर रहे हैं। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने बताया कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मानुशासन, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वदेशी भावना का विकास करती हैं। ग्रीष्मावकाश केवल विश्राम का समय नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास एवं अच्छे संस्कारों को आत्मसात करने का भी अवसर है।

छात्रों को प्रकृति से जुड़ने का संकल्प दिलवाया

गोहाना। जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानकर उसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अनूठी मिसाल पेश की है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने का संकल्प दिलवाया । मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी रहीं। संयोजन एमडी सुनील शर्मा का रहा और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। प्राचार्य के अनुसार विद्यालय ने अपनी स्थापना के शुरुआती दौर से ही एक अनुकरणीय परंपरा बना रखी है। इसके तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश में हर विद्यार्थी के लिए एक पौधा लगाना और उसकी देखभाल करना अनिवार्य है। ग्रीन टास्क का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदना और जिम्मेदारी विकसित करना है।

गोहाना। विद्यार्थियों में पौधे वितरित करते शिक्षक।

सोनीपत। बहालगढ़ में पौधारोपण करते रामनिवास एवं अन्य।

बहालगढ़ में पौधरोपण अभियान चलाया

सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्डी रामनिवास के नेतृत्व में गांव बहालगढ़ में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पौधे लगाने के साथ उनकी देखरेख और संरक्षण पर भी जोर दिया गया। रामनिवास ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना अधिक जरूरी है। उन्होंने लोगों से कम पौधे लगाने, लेकिन उनकी पूरी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हैप्पी रोहिल्ला, प्रिंस छाबड़ा, विजय अंतिल, देव, अनुराग, प्रिंस, बादल और नीतिश ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी युवाओं ने पौधों की नियमित सिंचाई, खाद उपलब्ध कराने और ट्री-गार्ड लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

भिगान टोल प्लाजा में किया पौधरोपण

गन्नौर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भगान टोल प्लाजा में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टोल प्लाजा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में रूपेश सुरेश गायकवाड़, एसके घोष, अंका बाबू पलाटी, विकेश कुमार सिंह, शिव नारायण, आनंद घनघस, सूरज शर्मा, अंकित देशवाल, अजय चौहान और संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसके घोष ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाए रखने का संकल्प लेते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर तथा उनकी नियमित देखभाल करके ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

गन्नौर। रूपेश सुरेश गायकवाड़, एसके घोष, अंका बाबू पलाटी पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

मतदाता सूची शुद्धिकरण से मजबूत होगा लोकतंत्रः शर्मा

गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने संगठन की मजबूती तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची है। इसलिए इसकी सबसे अहम कड़ी बीएलए 2 को दिल से काम करना चाहिए। शुक्रवार को अग्रवाल सत्संग भवन, गोहाना में आयोजित गोहाना विधानसभा की संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा बूथ अध्यक्षों, बीएलए-1 तथा बीएलए-2 से संवाद कर रहे थे। कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है और बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की मेहनत ही पार्टी को सफलता के नए आयाम प्रदान करती है। बीएलए-1 और बीएलए-2 के साथ कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करें तथा मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मंत्री ने प्रत्येक बूथ पर छोटी-छोटी कार्यकर्ता टोलियां गठित कर घर-घर संपर्क अभियान चलाने पर बल दिया। इस मौके पर खानपुर कलां मण्डल अध्यक्ष प्रवीण खुराना एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद ने किया वृक्षारोपण

गन्नौर । भारत विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा गन्नौर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गीता विद्या मंदिर, पुरखास में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में 11 फलदार पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जयपाल ने परिषद के सदस्यों का स्वागत किया। परिषद के प्रवीण सिंघल, शाखा अध्यक्षा मंजू शर्मा व ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

गन्नौर। भारत विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा पदाधिकारी पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

प्रियांशी-हरिओम और खुशी ने पाया प्रथम स्थान

हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग द्वारा शुक्रवार को गांव कथूरा स्थित व्यायामशाला में खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता करवाई गई। विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित इस प्रतियोगिता में खंड कथूरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के युवाओं ने प्रतिभागिता की। मार्गदर्शन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रामअवतार, डीवाईसी डॉ. विनोद और योग विशेषज्ञ संगीता का रहा। प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग के लड़कियों और में क्रमशः प्रियांशी और हरिओम प्रथम, सुहाना और रौनक द्वितीय तथा कॉफी और नीरज जाटायन तृतीय रहे। 14 से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग की लड़कियों और लडक़ों में खुशी जाटायन और साहिल प्रथम, राधिक और रवि धनाना द्वितीय तथा महक धनाना और अनीष तृतीय स्थान पर रहे। 40 से 50 आयु वर्ग में गांव छिछड़ाना के नरेश मलिक अव्वल रहे।

गोहाना। निर्णायक मंडल के समक्ष अपना प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

गुरुद्वारा साहिब में गुरबाणी, कीर्तन अभ्यास एवं गुरुमुखी प्रशिक्षण से निखार रहे बचपन

■ गुरुद्वारा गुरु कलगीधर सिंह सभा व गुरमत प्रचार स्त्री सत्संग सभा के संयुक्त सहयोग से 15 जून तक होगा शिविर का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत। सोनीपत के मॉडल टाऊन स्थित गुरुद्वारा गुरु कलगीधर सिंह सभा में शिविर के दौरान मौजूद प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, प्रशिक्षक व बच्चे।

मॉडल टाऊन स्थित गुरुद्वारा गुरु कलगीधर सिंह सभा में हर साल की भांति गुरमत प्रचार स्त्री सत्संग सभा के जत्थे ने ग्रीष्माकालीन अवकाश में गुरबाणी, कीर्तन अभ्यास एवं पंजाबी (गुरुमुखी) प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर में करीब 85 से अधिक बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना बचपन निखार रहे हैं। 15 जून तक लगाए गए शिविर के पांचवें दिन बच्चों को पंजाबी पढ़नी-लिखनी, बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों को गुरबाणी और कीर्तन का अभ्यास करवाया गया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सचिव सरदार प्रभमीत सिंह ने बताया कि शिविर में गुरमत प्रचार स्त्री सत्संग सभा के जत्थे की ओर से बच्चों को यह प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य गुरुमुखी और गुरबाणी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है।

प्रकृति बचेगी तो सृष्टि बचेगीः रामेश्वर दास

गोहाना। पानीपत रोड गोहाना स्थित राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित लावारिस पीड़ित गो माता गोशाला में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गोशाला के प्रांगण में गायों को छाया में बैठने व पक्षियों के आराम करने के लिए छाया देने वाले और फल देने वाले पौधे लगाए गए और पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई की गई। मुख्य वक्ता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने कहा पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी और प्रकृति बचेगी तो जीव सृष्टि भी बचेगी। हर नागरिक का दायित्व बनता है कि मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। कहा कि एक वृक्ष केवल एक पौधा नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का उपहार है। अध्यक्षता ट्रस्ट के सदस्य आजाद सिंह ढांगी ने की।

बगैर अनुमति पानी के कनेक्शन लेने वालों को नोटिस

कनेक्शन नियमित करवाने के दिए निर्देश

गन्नौर में अवैध कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) की टीम ने गुरुवार को गन्नौर शहर में अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने ऐसे सैकड़ो उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए, जिन्होंने बिना अनुमति के पानी के कनेक्शन ले रखे हैं। इसके साथ ही सुबह जलापूर्ति के समय पेयजल का सड़क पर छिड़काव कर पानी की बर्बादी करने वाले लोगों को भी चेतावनी दी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जे ई बसंत कुमार ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर अवैध जल कनेक्शनों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर विभाग की टीम ने विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में निरीक्षण कर कार्रवाई की। जांच के दौरान जिन लोगों के कनेक्शन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं पाए गए, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अपने कनेक्शन नियमित कराने के निर्देश दिए गए। विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से जल आपूर्ति का उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है तथा इससे विभाग को राजस्व हानि होती है। ऐसे उपभोक्ताओं को सात दिन का समय दिया गया है। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कनेक्शन स्वीकृत नहीं कराए गए तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

गन्नौर। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी अवैध रूप से कनेक्शन वाले लोगों को नोटिस देते हुए।

पानी की बर्बादी रोकना हर नागरिक की जिम्मेदारी

अभियान के दौरान लोगों को पेयजल संरक्षण के प्रति भी जागरूक करते हुए कहा कि पानी की बर्बादी रोकना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अभियान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग गन्नौर की टीम के सदस्य जे ई बसंत, सतवीर, नफीस, संदीप, रवि, मोहित, पवन और प्रदीप शामिल रहे।

खबर संक्षेप

हाउस टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग

सोनीपत। नगर निगम में हाउस टैक्स से जुड़े कार्यों की जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विधायक निखिल मदान को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नई हाउस टैक्स आईडी बनवाने, सप्लिट आईडी जारी करने, एनडीसी प्राप्त करने तथा हाउस टैक्स में नाम दर्ज या परिवर्तन कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने की मांग उठाई। विधायक निखिल मदान ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। विमल किशोर ने कहा कि आम जनता को हाउस टैक्स संबंधी कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खिलाड़ियों को एक और मल्टीपरपज हॉल की मिलेगी सौगात, नक्शा पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के सुभाष स्टेडियम के मैदान में खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि खिलाड़ी एक ही छत के नीचे विभिन्न खेलों का अभ्यास कर जिले का परचम लहरा सकें। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए बास्केटबॉल लॉन के पास एक और मल्टीपरपज हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए करीब 14.26 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है। मल्टीपरपज हॉल के लिए लेआउट तैयार कर खेल विभाग से मंजूरी ले ली गई है। अब विभाग को मुख्यालय से बजट की मंजूरी का इंतजार है। हॉल के साथ स्टेडियम में 200 मीटर छह लेन का सिंथेटिक ट्रैक बनाने का प्रावधान में भी योजना में शामिल किया गया है।

सिटी पल्स

विभाग ने योजना को सिरे चढ़ाने से पहले स्टेडियम में मिट्टी का भराव करवाना सुनिश्चित किया है। मिट्टी भराव के लिए करीब 66 लाख रुपये का री-टेंडर लगाया है, लेकिन विभाग आवंटन की राह ताक रहा है। स्टेडियम में करीब 7 से 8 फीट तक मिट्टी भराव किया जाएगा। उधर सुभाष स्टेडियम में मल्टीपरपज हॉल के निर्माण की वर्ष 2020 से प्रक्रिया लंबित है। वर्ष 2025 तक यह परियोजना मुख्यालय से अलॉटमेंट न मिलने के कारण अधर में लटकी रही। एक ओर जहां निर्माणाधीन शूटिंग रेंज को भी मल्टीपरपज हॉल में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है, वहीं बास्केटबॉल लॉन के पास भी नया मल्टीपरपज हॉल बनाने की योजना पर काम चल रहा है। बता दें कि स्टेडियम में समय-समय पर कुश्ती, कबड्डी, बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक, फेसिंग, बैडमिंटन, अन्य इंडोर व आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। भवन की कायाकल्प के साथ 200 मीटर सिंथेटिक ट्रैक, चाहरदीवारी को ऊंचा किया जाना है। अधिकारियों व खिलाड़ियों को पार्किंग की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

- हॉल के निर्माण के लिए करीब 14 .26 करोड़ का बजट तैयार
- 66 लाख रुपये से मिट्टी भराव की प्रक्रिया के बाद शुरू होगा योजना पर काम
- मिट्टी भराव के लिए रीटेंडर प्रक्रिया जारी, करीब 7 से 8 फीट होगी भरत

जल्द कार्य की शुरुआत करें

सुभाष स्टेडियम में मल्टीपरपज हॉल व सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण होने से खिलाड़ियों को शहर में एक जगह ही खेलों के अभ्यास की सुविधा मिल सकेगी। प्रशासन को चाहिए कि खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए जल्द कार्य की शुरुआत करें, ताकि जिले में छिपी अनेकों प्रतिभाएं उभरकर सामने आ सकें।

-**दीपक सहरावत,** धावक, रामनगर, सोनीपत

खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा

सुभाष स्टेडियम में काफी समय से मिट्टी का भराव की योजना सिरे चढ़ाने में देरी हो रही है। अगर मैदान में मिट्टी भराव जल्द हो जाता है, तो एक ही जगह मल्टीपरपज हॉल व सिंथेटिक ट्रैक की सुविधा मिलने से खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी ध्यान लगाना चाहिए।

-**शुभम,** स्टेट लेवल एथलीट, पबनेरा सोनीपत

छह लेन का सिंथेटिक ट्रैक भी बनाया जाएगा

सुभाष स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए नए मल्टीपरपज हॉल के निर्माण की योजना है। साथ ही 200 मीटर छह लेन का सिंथेटिक ट्रैक भी बनाया जाएगा। नक्शा पास होने के बाद बजट तैयार कर मुख्यालय भेजा गया है। साथ ही स्टेडियम के मैदान को ऊंचा उठाने के लिए करीब 8 फीट मिट्टी से भराव किया जाएगा। इसके लिए रीटेंडर प्रक्रिया चल रही है। टेंडर आवंटित होते ही काम शुरू करवाया जाएगा।

-**अनिल चहल,** उपमंडल अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सोनीपत

बारिश में रुक जाता है अभ्यास

गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में खो-खो, एथलेटिक्स, शूटिंग, वॉलीबॉल व हैंडबॉल के खिलाड़ी भी खुद को तैयार करने के लिए अभ्यास करते हैं, लेकिन मैदान की शुरू से गहराई काफी नीचे और मानसून सिर पर हैं। ऐसे में बारिश के दौरान मैदान में निकासी के अभाव में जलभराव की स्थिति बन जाती है। इससे मैदान में रोजाना सुबह-शाम अभ्यास करने वाले करीब 70 खिलाड़ियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। खिलाड़ियों को अभ्यास से वंचित रहना पड़ता है। स्टेडियम का मैदान काफी नीचे होने व खिलाड़ियों की सुविधा के लिए 66 लाख रुपये से मिट्टी भराव का निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए सुभाष स्टेडियम में निर्माणाधीन 25 मीटर शूटिंग रेंज को भी मल्टीपरपज हॉल में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए चाहरदीवारी खड़ी की जा चुकी हैं, जल्द ही इस छत तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ऐसे में शूटिंग रेंज का निर्माण रुकने से निशानेबाजों को सुविधा से वंचित रहना पड़ेगा। फिलहाल इन खिलाड़ियों को अन्य जिलों में जाकर अभ्यास करना पड़ रहा है। शहर में सरकारी शूटिंग रेंज की भी दरकार है।

लैब में रक्त एकत्रित करने वाली डिब्बियां, वैक्यूटेनर ट्यूब खत्म

सुविधाओं के अभाव में मरीज लौट रहे बैरंग

शहर के नागरिक अस्पताल में इन दिनों स्वास्थ्य सेवाएं मात्र दिखावा ही आ रही हैं नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में इन दिनों स्वास्थ्य सेवाएं मात्र दिखावा बनकर रह गई हैं। जांच के नाम पर मरीजों से कई-कई दिन धक्के खिलवाने का आरोप है। कभी भारी भीड़, तो कभी सुविधाओं के अभाव में काफी मरीजों को बिना इलाज बैरंग लौटना पड़ रहा है। उधर अस्पताल प्रबंधन शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के ढोल पीटते नहीं थक रहा है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों के बीच दो दिन से अस्पताल की लैब में रक्त जांच व्यवस्था पटरी से उतरी नजर आई। लैब में रक्त नमूने एकत्रित करने वाली डिब्बियां, वैक्यूटेनर ट्यूब खत्म होने से काफी मरीज चेहरों पर मायूसी लिए कक्ष के बाहर तक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, जबकि दो महिलाओं का दर्द आंसुओं के रूप से आंखों से छलक पड़ा, जो बिना जांच वापस लौट गई।

सोनीपत। नागरिक अस्पताल के लैब कक्ष में जांच के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मरीज। फोटो : हरिभूमि

6 लैब टैक्नीशियन

बता दें कि नागरिक अस्पताल में मरीजों के रक्त से विभिन्न जांच के लिए केवल 6 लैब टैक्नीशियन (एलटी) अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि एक इन दिनों छुट्टी पर चल रहा है। ऐसे में एलटी की कमी और बढ़ती जांच व्यवस्था से मरीजों का हाल बेहाल नजर आ रहा है। स्थिति तो यह भी है कि इन 6 एलटी से तीन शिफ्ट में सेवाएं ली जा रही हैं। रोजाना तीन चरणों की बात करें, तो एक शिफ्ट में केवल दो एलटी ही अपनी सेवाएं दे पा रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों को चतुर्थ श्रेणी कर्मियों या इन्टर्नशिप पर आने वाले कर्मियों पर निर्भर होना पड़ रहा है। कई बार पहले जरूरी रक्त के नमूनों की जांच रिपोर्ट देने के चलते अन्य मरीजों को बैरंग लौटना पड़ता है। अस्पताल में लगातार दो दिन यही स्थिति उत्पन्न हुई। भारी भीड़ के चलते काफी मरीजों को बिना जांच कराए ही वापस लौटना पड़ा, कुछ मरीजों ने तीन दिन से के जांच न होने की व्यथा सुनाई।

स्टोर से मंगवा ली डिबियां

अस्पताल की लैब में लैब टैक्नीशियन कार्यरत रहते हैं। कई बार लैब टैक्नीशियन को अंदर मशीनों पर काम करना पड़ता है या कई बार एमर्जेंसी के दौरान पहले जरूरी रक्त के नमूनों की जांच रिपोर्ट देनी पड़ी है। ऐसे में कई बार इन्टर्नशिप वाले कर्मियों की सहायता लेनी पड़ती है। लैब में रक्त नमूने एकत्रित करने वाली डिबियां व वैक्यूटेनर ट्यूब खत्म होने के बाद नियमानुसार स्टोर से मंगवा ली गई हैं। मरीजों को बेहतर व्यवस्था दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

-**डॉ. सुमन,** लैब इंचार्ज, नागरिक अस्पताल, सोनीपत

रोजाना 500 मरीजों को रक्त जांच की दरकार

नागरिक अस्पताल में रोजाना 2000 मरीज स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचते हैं। चिकित्सकों के परामर्श पर करीब 450 से 500 मरीजों को इलाज के लिए अपने रक्त से विभिन्न जांच करवानी पड़ती है। जांच कराने आए मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में कभी जांच का समय समाप्त होने, कभी कर्मचारियों के न होने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता है, कभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं होने का हवाला दिया जाता है। ऐसे में जरूरी सामग्री का खत्म होना व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है।

महिला बोली कहीं-कहीं खिलवा रहे हैं धक्के

जांच करवाने अस्पताल की लैब पहुंची महिला मरीज नंबर नहीं आने पर भावुक हो उठी। दरवाजे के बीच खड़ी महिला जब अपनी व्यथा बताने लगी, तो उसकी आंख से आंसू छलक उठे। महिला ने बताया कि वह कई दिनों से बीमार है, रक्त जांच करवाने के लिए दो दिन से लगातार आ रही हैं, लेकिन हर बार उसे इधर-उधर भेजकर धक्के खिलवाए जा रहे हैं। ऐसे में उसकी जांच नहीं हो पा रही है। वहीं कुछ मरीजों ने आरोप लगाया कि लैब में भीड़ बढ़ने पर पर्याप्त कर्मचारी मौजूद नहीं होते। यह स्थिति आए दिन बनने लगी है।

पंजाबी समाज को पाकिस्तानी कहना राष्ट्रभक्तों का अपमान : कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यूट्यूबर और पंजाबी समाज के प्रमुख चेहरा विपिन खुराना को कथित तौर पर मिली धमकियों और उन्हें सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी कहे जाने का मामला गरमा गया है। इस घटना के विरोध में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि पंजाबी समाज के प्रति इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी न केवल निंदनीय है, बल्कि यह उस समाज के बलिदानों का अपमान है, जिसने राष्ट्र निर्माण में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। कमल दिवान ने कहा कि पंजाबी समाज ने देश के विभाजन के समय सबसे बड़ा दंश झेला और अपना सबकुछ खोने के बाद भी शून्य से शिखर तक का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने से लेकर आर्थिक विकास तक, हर मोर्चे पर राष्ट्र को मजबूत किया है। ऐसे गौरवशाली समाज को पाकिस्तानी कहना न केवल भाषाई मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि यह उन लोगों की संकीर्ण मानसिकता को भी दर्शाता है जो समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। कमल दिवान ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की धमकियां देना और माहौल बिगाड़ने का प्रयास करना कानूनन अपराध है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जो भी व्यक्ति या समूह इस घटना के पीछे है, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते ऐसे उपद्रवी तत्वों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो शहर का सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा बढ़ जाएगा। कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी जो समाज में घृणा फैलाता हो। उन्होंने पंजाबी समाज के साथ एकजुटता दिखाते हुए कहा कि विपिन खुराना और उनके समाज का अपमान करने वालों को जनता और कानून कभी माफ नहीं करेगा।

नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का अंकित मल्होत्रा ने स्वागत किया

गन्नौर। भाजपा नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव अंकित मल्होत्रा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

पीएस पब्लिक स्कूल में पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

गन्नौर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पीएस पब्लिक स्कूल भुर्री में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने स्कूल परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन संजीव कुमार, प्राचार्य नवीन कुमार ने पर्यावरण दिवस के बारे में अवगत करवाया । चेयरमैन संजीव कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से आह्वान किया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं ।

भिगान में 16.5 लाख से बनेंगे दो रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव भिगान में किसानों की सुविधा के लिए खेत-खलिहान योजना के तहत करीब 16.34 लाख रुपये की लागत से दो संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया और लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर की। योजना के तहत सुखबीर त्यागी के प्लॉट से श्रद्धा त्यागी के खेत तक करीब 7.72 लाख रुपये की लागत से रास्ता बनाया जाएगा। वहीं, वेद के घर से सतीश त्यागी के घर तक लगभग 8.62 लाख रुपये खर्च कर संपर्क मार्ग का निर्माण होगा।

इन रास्तों के बनने से किसानों को खेतों तक पहुंचने और फसल के आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

राई इंडस्ट्रियल एरिया में किया पौधारोपण

राई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राई ने अपने साथियों के साथ राई इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पुनीत राई ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि "एक पौधा लगाएं, प्रकृति को बचाएं" का संदेश जन-जन तक पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कौशिक, जगदीश आंतिल, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, मुकेश आंतिल, विकास त्यागी, प्रेम यादव, विजय सैनी, शिवम शर्मा, प्रदीप आंतिल, मंजीत आंतिल, मोहित त्यागी, सुरेंद्र शर्मा, राहुल तथा राधे तिवारी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर गांव चौहान जोशी में विधायक ने किया पौधरोपण

राई । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राई विधानसभा क्षेत्र के गांव चौहान जोशी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए तथा लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर गांव चौहान जोशी के रिंकू सरपंच, कुलदीप नागल, दीपक चौहान, अमरजीत, अनिल पंडित और राजेश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

नगरपालिका की बैठक मुद्दे पर पार्षदों का धरना, सचिव पर मनमानी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नपा कार्यालय में हाउस मीटिंग को लेकर विवाद हो गया। कई पार्षदों ने नगरपालिका कार्यालय में सांकेतिक धरना देकर सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। धरने पर बैठने वालों में पार्षद नवीन दहिया, प्रमोद, सीमा, जसबीर, ममता मेहरा, सोमवती, पूनम और मनीषा शामिल हैं। पार्षद नवीन दहिया ने आरोप लगाया कि पिछली मीटिंग में शहर के डिवाइडरों को न हटाने संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन बाद में सचिव ने अपनी ओर से उस बैठक को रद्द दर्शा दिया।

जानबूझकर मीटिंग को रद्द दर्शाया

पार्षदों का कहना है कि बैठक का कोरम पूरा था, जिसमें प्रस्ताव पास हुए थे, जानबूझकर मीटिंग को रद्द दर्शाया गया। नवीन दहिया ने स्पष्ट किया कि बैठक बुलाने, स्थगित करने या रद्द करने का अधिकार केवल चेयरमैन के पास होता है, जबकि सचिव ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव को नियमों की पूरी जानकारी नहीं है और उनके गलत फैसलों के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि अब तक हुई कई बैठकों में उठाए गए मुद्दों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि प्रत्येक नई बैठक से पहले पिछली बैठक की कार्यवाही और उस पर हुई कार्रवाई का ब्यौरा दिया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। धरने पर बैठे पार्षदों ने सचिव के तबादले अथवा उन्हें उचित प्रशिक्षण दिए जाने की मांग की है।

खरखौदा। नगर पालिका कार्यालय के बाहर नीचे फर्श पर बैठकर विरोध करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

मार्केट न्यूज

फिम्स अस्पताल की नई सफलता

सोनीपत। लगभग 60 वर्षीय एक ग्रामीण महिला उठते-बैठते साँस लेने में कठिनाई के चलते , काफी समय से इस बीमारी से ग्रस्त थी। समय के साथ उसकी परेशानी बढ़ गई। ज्यादा दिक्कत होने पर , फिम्स में जरूरी टैस्टो के उपरान्त पाया गया कि महिला रोगी के दिल का बाँयां हिस्सा कमजोर होकर , उसका दिल अब केवल 25 प्रतिशत ही काम कर रहा था। क्योंकि रोगी के हृदय की लेफ्ट बन्डल ब्रांच ब्लॉक (एल.बी.बी.बी.) थी। इससे हर-पल रोगी की जीवन हानि का खतरा था, और रोगी का हृदय कभी भी काम करना बंद कर सकता था। रोगी की नाजुक स्थिति को देखते हुए फिम्स प्रबन्धन ने तुरन्त , हृदयरोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक गोयल की देख-रेख में कुशल डॉक्टरों व सहयोगियों की टीम का गठन किया। गहन विचार-विमर्श के उपरान्त हृलयरोग विशेषज्ञों द्वारा मिनिमल इन्वेसिव तकनीक से , कार्डियक री-सिन्क्रोनाईजेशन थैरेपी डैफीब्रीलेटर की प्रक्रिया को अमल मे लाने का तुरन्त निर्णय लिया गया। यह प्रक्रिया फिम्स अस्पताल में ही सम्भव थी व दिल्ली में भी गिने-चुने अस्पतालों में ही इस प्रकिया से दिल की इस दुर्लभ बीमारी का उपचार होता है। डॉ0 मयंक गोयल के प्रयासों , डॉ0 शेख़ रहीस के कुशल मार्गदर्शन व महताब सिंह की कैथलैब टीम के सक्रिय सहयोग से , जरूरत अनुसार महिला रोगी के दिल में तीन लीड्स स्थापित कर दी गईं और अंततः उन्हें (माचिस के आकार की) एक बैट्रीयुक्त सी.आर.टी. डिवाईस से सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया।